प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

एयर इंडिया दुर्घटना समिति

केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 के दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने व निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देशों की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी। सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगी।

फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले की बहु प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के लिए 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता..........

*प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और संबधित विभागों के साथ निरंतर वार्ता के फलस्वरूप ये राशि मिली है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के किसानों के लिए ये परियोजना आशा की किरण बनकर सामने आई है और इससे हजारों हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए मैं योगराज शर्मा*

आयुष मंत्रालय

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और स्वास्थ्य समुदायों के सहभागी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में बहरीन, अमरीका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ भी भाग लेंगे।

विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। हर साल 14 जून को रक्तदान से लोगों की जान बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है। इस वर्ष, विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है – रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।

यह थीम रक्तदाताओं के जीवन–परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, और नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

नीट

मैडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नैशनल ऐलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टैस्ट–नीट यूजी का परिणाम आज जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एंजैसी–एन.टी.ए. के अनुसार न्यायालय से कुछ छात्रों का परिणाम रोकने और शेष का जारी करने की अनुमति मिलने के बाद नतीजे आज तय समय पर ही जारी किए जाएंगे।

मौसम

प्रदेश के अधिकाश भागों में आज मौसम साफ है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। हालांकि कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन व सिरमौर के ग्रीष्मकालीन स्कूलों की समय सारणी में बदलाव किया है। इधर हमीरपुर जिला के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव किया गया है।

*हमीरपुर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जो तापमान है लगभग 40 डिग्री को टच कर रहा है और इससे एक्सिड भी कर गया है और इसके देखते हुए गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है और पैरिटम मिल रहे थे और उनकी तरफ से रिप्रजेंटेशन आई डिमाड आई कि जो स्कूल के बच्चों की टाईमिंग थोड़ी अर्ली किया जाए और प्रारम्भिक स्कूल है पहली से आठवीं तक के स्कूल है उनमें बच्चों के आने का समय स्कूल का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे निर्धारित करने का हमने ऑडर इशू किया है।*

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

दैनिक जागरण का शीर्षक है–ग्रीष्मकालीन स्कूलों का बदलेगा समय, दिन में दो बार वाटर ब्रेक अनिवार्य। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–हीट वेव के चलते हिमाचल में बदली स्कूलों की टाइमिंग। अमर उजाला लिखता है–स्कूलों में बच्चे पढ़ेंगे नैतिक शिक्षा का पाठ हिमाचल का इतिहास। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–केंद्र सरकार ने रोका हिमाचल का मनरेगा बजट। आपका फैसला के शब्द हैं–ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हिमाचल सरकार कस ध्येय। मौसम पर दैनिक भास्कर का कहना है–9 जिलों में बारिश से 4 डिग्री तक गिरा पारा, 7 जिलों में 17 जून तक बारिश के आसार। पंजाब केसरी के शब्द हैं–मनाली–लेह मार्ग पर जिंगजिंगबार के पास नाले में आई बाढ़, एक हजार पांच सौ पर्यटक वाहन फंसे।

———————————————————